Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12

NcertHelp
© www.ncerthelp.com

E

No. of Printed Pages : 4

# Summative Assessment II, 2011-2012

## Subject : हिन्दी (इलैक्टिव)

**Time : 3 Hrs.] Class : XI [ M. M. : 90**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $2 \times 5 = 10$

त्योहार चाहे धार्मिक दृष्टि से मनाए जाते हों, चाहे महापुरुषों की याद में मनाए जाते हों, किसी ऐतिहासिक, पौराणिक घटना-प्रसंग को स्मरण करने या उससे प्रेरणा लेने के लिए मनाए जाते हों, चाहे फसल की कटाई एवं खलिहानों के भरने की खुशी में मनाते हों, वे देश की एकता और अखण्डता को मजबूत करते हैं। ये त्योहार जन-मानस में नया उल्लास जगाते हैं। ऋतु-परिवर्तन के रूप में मनाए जाने वाले त्योहार हमें प्रकृति के निकट ले जाते हैं तथा राष्ट्रीय पर्व हममें देश भक्ति और त्याग-बलिदान की भावना जगाते हैं। पंद्रह अगस्त और छब्बीस जनवरी हमारे राष्ट्रीय पर्व माने जाते हैं।

(क) इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक बताइए।

(ख) त्योहार किन-किन कारणों से मनाए जाते हैं?

(ग) त्योहारों का जन-मानस पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(घ) ऋतु-परिवर्तन के कारण मनाए जाने वाले त्योहारों का क्या उद्देश्य है?

(ङ) हमारे राष्ट्रीय पर्व कौन-से हैं?

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $1 \times 5 = 5$

कुछ भी बन, बस कायर मत बन!
ठोकर मार, पटक मत माथा,
तेरी राह रोकते पाहन!
कुछ भी बन, बस कायर मत बन!
ले-दे कर जीना, क्या जीना?
कब तक गम के आँसू पीना?

P.T.O.

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12

NcertHelp
© www.ncerthelp.com



मानवता ने सींचा तुझको
बहा युगों तक खून-पसीना!
कुछ न करेगा? किया करेगा –
रे मनुष्य – बस कातर क्रंदन?
कुछ भी बन, बस कायर मत बन!

(क) इस कविता में कवि क्या बनने के लिए कह रहा है?

(ख) पाहन किसके प्रतीक हैं? उनके प्रति क्या बर्ताव करना चाहिए?

(ग) कवि किस प्रकार के जीवन को जीवन नहीं मानता? क्यों?

(घ) मानवता ने मनुष्य को किस प्रकार सींचा है?

(ङ) 'कुछ न करेगा? किया करेगा रे मनुष्य बस कातर क्रंदन' में कवि मनुष्य की किस प्रवृत्ति पर व्यंग्य कर रहा है?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए – 10

(क) साहित्य और समाज

(ख) नर हो, न निराश करो मन को

(ग) साम्प्रदायिकता और राजनीति

(घ) नारी शिक्षा का महत्व

4. किसी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए जिसमें नगर में व्याप्त बिजली की अव्यवस्था का वर्णन किया गया हो। 5

**अथवा**

पूर्वोत्तर-सीमा रेलवे में कनिष्ठ निरीक्षक पद के लिए अपनी योग्यताओं का विवरण देते हुए आवेदन-पत्र लिखिए।

5. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $2 \times 5 = 10$

(क) नाटक और फिल्म की पटकथा में अंतर बताइए।

(ख) पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डालिए।

(ग) अपने विद्यालय की सांस्कृतिक कार्यसमिति की बैठक (वार्षिकोत्सव की तैयारी के संदर्भ में) से पूर्व एक कार्यसूची तैयार कीजिए।

6. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए (कोई एक) – 8

भौंरन को गुंजन बिहार बन कुंजन में,
मंजुल मलारन को गावनो लगत है।

© www.ncerthelp.com

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12

NcertHelp
© www.ncerthelp.com



कहैं पद्माकर गुमानहूँ ते मानहुँ तै,
प्रानहूँ तैं प्यारो मनभावनो लगत है।
मोरन को सोर घनघोर चहुँ ओरन,
हिंडोरन को बृंद छवि छावनो लगत है।
नेह सरसावन में मेह बरसावन में,
सावन में झूलिबो सुहावनो लगत है।

**अथवा**

एक बार शुरू होने पर
कहीं नहीं रुकता हस्तक्षेप –
वैसा तो मगध निवासियों,
कितना भी कतराओ
तुम बच नहीं सकते हस्तक्षेप से –
जब कोई नहीं करता
तब नगर के बीच से गुजरा हुआ
मुर्दा
यह प्रश्न कर हस्तक्षेप करता है –
मनुष्य क्यों मरता है?

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $2 \times 3 = 6$

(क) कृष्ण के अधरों की तुलना सेज से क्यों की गई है?

(ख) अंदर का भय कवि के नयनों को सुनहली भोर का अनुभव क्यों नहीं होने दे रहा है?

(ग) महादेवी वर्मा ने 'आँसू के लिए' उजले विश्लेषण का प्रयोग किस संदर्भ में किया है और क्यों?

8. निम्नलिखित पंक्तियों में से किन्हीं दो का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए – $3 + 3 = 6$

(क) आँख खोलि देखौं तौ न घन हैं, न घनश्याम,
वेई छाई बूँदें मेरे आँसू ह्वै दृगन में।

(ख) दूर तमस रेखाओं-सी
उड़ती पंखों की गति सी चित्रित।
सोन खगों की पाँति,
आर्द्र ध्वनि से नीरव नभ करती मुखरित।

P. T. O.

© www.ncerthelp.com

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com



(ग) पत्नी की आँखें आँखें नहीं
हाथ हैं, जो मुझे थामे हुए हैं
वैसे हम स्वजन हैं, करीब हैं
बीच की दीवार के दोनों ओर
क्योंकि हम पेशेवर गरीब हैं।

9. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 4

'बड़े-बूढ़े कहा करे हैं कि आदमी की औकात घर से बाहर कदम रखणें पे ही पता चले है। घर में तो चूहा भी सूरमा बणा रहे। काँधे पर्‌यो लंबा लट्‌ठ धरके चलणें वाले चौधरी सहर (शहर) में सरकारी अफसरों के आग्गे सीध्धे खड़े न हो सके हैं। बुढ्ढी बकरियों की तरह मिमियाएँ हैं……और गाँव में किसी गरीब कू आदमी भी न समझे हैं……

**अथवा**

करुणा ने सबको घेर लिया। वह बोलने की कितनी जबर्दस्त कोशिश करता है। लेकिन नतीजा कुछ नहीं, केवल कर्कश काँच-काँच का ढेर! अस्फुट ध्वनियाँ का वमन, जैसे – आदिम मानव अभी भाषा बनाने में जी जान से लड़ रहा हो।

10. निम्नलिखित में से दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $3 + 3 = 6$

(क) लेखक ने टार्च बेचने वाली कंपनी का नाम 'सूरज छाप' क्यों रखा?

(ख) स्त्री शिक्षा का व्यावहारिक उदाहरण ज्योतिबा ने किस प्रकार प्रस्तुत किया?

(ग) लेखक ने कविता को हमारी भारतीय परम्परा का विचित्र परिणाम क्यों कहा है?

11. प्रेमचंद अथवा अमरकांत का संक्षिप्त जीवन-परिचय देते हुए उनकी रचनाओं और साहित्यिक विशेषताओं का उल्लेख करें। 5

**अथवा**

सूरदास अथवा नागार्जुन का संक्षिप्त जीवन-परिचय देते हुए उनकी रचनाओं और साहित्यिक विशेषताओं का उल्लेख करें।

12. निम्नलिखित में से दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $2 \times 4 = 8$

(क) एकांकी 'अंडे के छिलके' के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

(ख) मकबूल के पिता के व्यक्तित्व की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) कुसुमकामिनी रसोई न बनाने के दिन क्या पढ़कर सुनाया करती थी?

13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $4 + 3 = 7$

(क) आपको शरत् और उसके पिता मोतीलाल के स्वभाव में क्या समानताएँ नजर आती हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'लेखक जन्मजात कलाकार हैं।' यह कथन इस आत्मकथा में सबसे पहले कहाँ उद्घाटित होता है?

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12